दिन–बुधवार दिनांक– 31/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

भारतीय रेलवे ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का अंतिम उच्च गति परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह परीक्षण आज कोटा–नागदा रेल खंड पर किया गया। रेलगाडी की अधिकतम गति 180 किलोमीटर प्रति घंटे है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर पानी से भरे गिलास की स्थिरता का प्रदर्शन करने वाला वीडियो साझा करते हुए कहा है कि उच्च गति परीक्षण का सफलतापूर्वक संपन्न होना एक बड़ी तकनीकी उपलब्धि है। इससे पटना–दिल्ली समेत देश के अन्य भागों में वंदे भारत स्लीपर सेवाओं की शुरुआत का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सूधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि भूमि विवाद का त्वरित समाधान आवश्यक है और यह सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। श्री सिन्हा ने सहरसा में आज भूमि सूधार जनकल्याण संवाद को संबोधित करते हुए साफ किया कि अब सरकार सीधे नागरिकों की सुनवाई और अफसरों की जवाबदेही तय करने पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि जनकल्याण संवाद के दौरान प्राप्त आवेदनों को डिजिटल पोर्टल पर दर्ज कर उसकी नियमित मोनिटरिंग की जायेगी।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। घने कुहासे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से रेल, सड़क और हवाई यातायात भी बाधित हुआ है। आज सुबह राज्य के उत्तर–पूर्वी, उत्तर–मध्य और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कई जगहों पर घना से अत्यधिक घना कुहासा छाया रहा। इधर, पटना और आसपास के क्षेत्रों में दिन में हल्की धूप निकलने से लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले पांच दिनों तक मौसम के रूख में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। विभाग ने

अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कई जगहों पर भीषण शीत दिवस का अलर्ट जारी किया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। जहां का न्यूनतम तापमान पांच डग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————

साल दो हजार पच्चीस का आज अंतिम दिन है। लोग दो हजार पच्चीच की विदाई और नव वर्ष दो हजार छब्बीस की स्वागत की तैयारी में जुटें है। इस अवसर को खास बनाने के लिए विभिन्न होटलों, रेस्टॉरेंट, पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेष इंतजाम किए गए है। इधर, प्रशासन ने नव वर्ष के अवसर पर सुरक्षा के खास इंतजाम किए हैं। विभिन्न चौक चौराहों पर मजिस्ट्रेट की निगरानी में जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही हुड़दंग मचाने वाले बाइकर्स गैंग और अन्य आसामाजिक तत्वों पर भी नजर रहेगी।

———————————————————————

और अब एक जरूरी सूचना।

प्रादेशिक समाचार एकांश पटना की ओर से विशेष प्रस्तुति वर्षांत दो हजार पच्चीस का प्रसारण किया जा रहा है। आज इस कार्यक्रम को रात्रि सात बजकर बावन मिनट से आकाशवाणी पटना के प्राइमरी चैनल पर सुना जा सकता है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख पहल परीक्षा पे चर्चा ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कल तक रिकॉर्ड तीन करोड़ से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि भागीदारी का व्यापक स्तर परीक्षा पे चर्चा को एक सच्चा जन आंदोलन साबित करता है।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से सक्षमता परीक्षा के पांचवें चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है। नियोजित शिक्षक नौ जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे।

————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा की बीसवी पुण्यतिथि के अवसर पर आज पटना के नवीन सिन्हा पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और स्वर्गीय सिन्हा के पुत्र नितिन नबीन समेत अन्य गणमान्य लोगों ने उनकी प्रतीमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

————————————————————————

समाप्त